राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
फोन : ०७५५-२६७८८७०
फैक्स : ०७५५-२७४२००६
ईमेल :, dsw@rgpv.ac.in
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYAI
(State Technological University of Madhya Prad
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) – 46
Phone : 0755 – 2678
Fax : 0755 – 2742

Email :dsw@rgpv.a
Website : www.rgpv.a

क्रमांक / रा. गां. प्रौ. वि. / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / 2025 / 426 भोपाल, दिनांक 12 / 06 / 2025

# सूचना

प्रति,

समस्त प्राचार्य / संचालक
विश्वविद्यालय से संबंद्ध इंजीनियरिंग / फार्मेसी
एम0सी0ए0 / आर्किटेक्चर / पत्रोपाधि महाविद्यालय

विषय :– केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले निबंध लेखन प्रतियोगिता के संबंध में।
संदर्भ :– केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, भारत सरकार का पत्र दिनांक 17 / 04 / 2025 ।

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, संदर्भित पत्र का अवलोकन करना चाहे जिसके अनुसार केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के मध्य समरस्ता स्थापित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन तथा परिचालन किया जाता रहा है। इस संबंध में आप अपने संस्था के सूचना पटल पर संलग्न पत्र की जानकारी समस्त छात्र, छात्राओं के लिये साझा करे एवं अधिक से अधिक छात्रों को निबंध प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिये प्रोत्साहित करें।

(डॉ के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

क्रमांक / रा. गां. प्रौ. वि. / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / 2025 / 427 भोपाल, दिनांक 12 / 06 / 2025
प्रतिलिपि :–
01 माननीय कुलपति जी के निज सचिव / माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।
02 कुलसचिव जी के स्टाफ ऑफिसर ओर सूचनार्थ।
03 समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के संचालक / प्राचार्य की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

(डॉ के.टी.चतुर्वेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

मि.सं. 5-5/2025/(समन्वय)

**प्रो. सुनील बाबुराव कुळकर्णी**
**PROF. SUNIL BABURAO KULKARNI**
निदेशक
DIRECTOR

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
केंद्रीय हिंदी निदेशालय
CENTRAL HINDI DIRECTORATE
शिक्षा मंत्रालय
MINISTRY OF EDUCATION
( उच्चतर शिक्षा विभाग )
(DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION)

दिनांक : 17-04-2025

To ,

The vice chancellor
Rajiv Gandhi Proud yogiki Vishwavidyalaya
Bhopal-462036.

विषय : केंद्रीय हिंदी निदेशालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले निबंध लेखन प्रतियोगिता के संबंध में ।

महोदय/महोदया

मुझे यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि 01 मार्च 2025 को केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना के सुनहरे 65 वर्ष पूरे हो चुके हैं । भारत के संविधान के अनुच्छेद 351 के अनुपालन में हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु एवं सामासिक संस्कृति के संवाहक के रूप में केंद्रीय हिंदी निदेशालय निरंतर प्रतिबद्ध है। अपने उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए निदेशालय हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु कटिबद्ध है। शब्द कोश निर्माण योजना हिंदी वर्तनी तथा देवनागरी लिपि का मानकीकरण, पत्राचार पाठ्यक्रम, भाषा-वार्षिकी तथा साहित्यमाला पत्रिकाओं का प्रकाशन, राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ, प्राध्यापक व्याख्यान माला, नवलेखक शिविर, छात्र अध्ययन यात्रा, स्वैच्छिक हिंदी सस्थाओं को अनुदान प्रदान करना जैसी विविध योजनाओं के माध्यम से निदेशालय निरंतर हिंदी एवं भारतीय भाषाओं के मध्य समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन तथा परिचालन करता है ।

हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में सन्नद्ध निदेशालय की इस गौरवशाली यात्रा के 65 वर्ष पूरे होने के सुनहरे पल को यादगार बनाने तथा देश के कोने-कोने तक हिंदी की पहुँच और उसकी स्थिति को मजबूत करने तथा विश्व पटल पर हिंदी के माध्यम से संवाद स्थापित करने हेतु अखिल भारतीय स्तर पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

आपसे निवेदन है कि प्रस्तुत पत्र अपने अधीनस्थ महाविद्यालय, विभाग तथा संस्थाओं को प्रेषित कर आयोजन को संपन्न बनाने में सहयोग प्रदान करें।

प्रतियोगिता से संबंधित नियम एवं शर्ते केंद्रीय हिंदी निदेशालय की वेब-साइट www.chd.education.gov.in पर उपलब्ध है तथा पत्र के साथ संलग्न है । आशा है राष्ट्रहित के इस आयोजन में आपकी सकारात्मक भागीदारी होगी ।

जय हिंद !

(प्रो. सुनील बाबुराव कुळकर्णी)
निदेशक

सत्यमेव जयते

# केंद्रीय हिंदी निदेशालय

## उच्चतर शिक्षा विभाग
## शिक्षा मंत्रालय
## भारत सरकार

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित

# "हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता"


विनीत

प्रो. सुनील बाबुराव कुळकर्णी देशगव्हाणकर

निदेशक

संपर्क: 9422217600

ई-मेल: dir-chd@gov.in



...u@gov.in sunilkul...

011-20862475, 2086255...

## निबंध का विषय

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हिंदी भाषा का भविष्य

  अथवा
- देवनागरी लिपि, हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति का संबंध

  अथवा
- हिंदी और प्रादेशिक भाषाओं का अंतः संबंध

## नियम एवं शर्तें

**पात्रता:** निबंध लेखन प्रतियोगितामें 18 वर्ष या उससे अधिक आयु सीमा के सभी भारतीय नागरिक भाग ले सकते हैं। एक ही व्यक्ति द्वारा एक से अधिक निबंध मान्य नहीं होंगे। साथ ही तीनों विषयों में से किसी एक ही विषय पर निबंध प्रेषित करें।

**निबंध भेजने की अंतिम तिथि:** यह सूचना वेबसाइट पर अपलोड होने के 30 दिनों के अंदर।

**शब्द सीमा:** निबंध 2500-3000 शब्दों के बीच होना चाहिए। निर्धारित शब्द सीमा का उल्लंघन करने वाले निबंध अयोग्य माने जाएंगे।

**भाषा:** केवल हिंदी भाषा में लिखा निबंध मान्य होगा। भाषा की शुद्धता, वाक्य संरचना एवं विचारों की स्पष्टता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**मौलिकता:** निबंध मौलिक एवं अप्रकाशित होना चाहिए। किसी भी प्रकार की नकल पाए जानेपर प्रविष्टि रद्द कर दी जाएगी।

**प्रस्तुतिकरण:** निबंध टाइप किए हुए फॉर्मेट में, पीडीएफ एवं वर्ड फाइल में ही प्रेषित करें। निबंध के साथ एक अलग फाइल में अपना संक्षिप्त जीवन-परिचय (जिसमें जन्मतिथि भी अंकित हो) भी संलग्न करें।

**निर्णयन प्रक्रिया:** निबंधों का मूल्यांकन एक विशेषज्ञ समिति/निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। रचनात्मकता, विषय की उपयुक्तता, भाषा का ज्ञान एवं प्रस्तुति के आधार पर अंक दिए जाएंगे। निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

## पुरस्कार

- प्रथम पुरस्कार : रु. 10,000/- + प्रमाण पत्र
- द्वितीय पुरस्कार : रु. 7,000/- + प्रमाण पत्र
- तृतीय पुरस्कार : रु. 5,000/- + प्रमाण पत्र
- प्रथम प्रोत्साहन पुरस्कार : रु. 2,000/- + प्रमाण पत्र
- द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार : रु. 2,000/- + प्रमाण पत्र

अन्य सभी प्रतिभागियों को निदेशालय की ओर से सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

आपसे अनुरोध है कि अपना निबंध कृपया **coordinationunit.chd@gmail.com** पर भेजें।

## संपर्क विवरण

डॉ. किरण झा, सहायक निदेशक,
केंद्रीय हिंदी निदेशालय; मो. 9968248753

श्री अच्युत कु. सिंह, सहा. अनुसंधान अधिकारी,
केंद्रीय हिंदी निदेशालय; मो. 9911582771

**आपकी सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा करते हुए, हम आशा करते हैं कि आप इस साहित्यिक उत्सव का हिस्सा बनकर हिंदी भाषा की गरिमा एवं समृद्धि में योगदान देंगे।**

# केंद्रीय हिंदी निदेशालय

केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन हिंदी भाषा के विकास और उसके प्रचार-प्रसार के लिए कार्यरत शीर्ष संस्था है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 के अनुपालन हेतु तथा वर्ष 1955 में श्री बाल गंगाधर खेर के नेतृत्व में गठित 'प्रथम राजभाषा आयोग' की सिफारिशों के आधार पर 1 मार्च, 1960 को निदेशालय की स्थापना हुई। हिंदी के विकास के संदर्भ में निदेशालय जहाँ एक ओर शब्दकोश निर्माण योजना, हिंदी वर्तनी तथा देवनागरी लिपि के मानकीकरण, पत्राचार पाठ्यक्रम, वार्तालाप पुस्तिकाओं का निर्माण, पांडुलिपि प्रकाशन तथा भाषा, वार्षिकी और साहित्यमाला जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन कर रहा है; वहीं दूसरी ओर अपने विस्तार योजना के माध्यम से देश के सुदूर क्षेत्रों में विभिन्न राष्ट्रीय संगोष्ठियों, प्राध्यापक व्याख्यान माला, नवलेखक शिविर, छात्र अध्ययन यात्राओं का आयोजन कर, साथ ही विभिन्न स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं को अनुदान प्रदान करने, पुस्तक प्रदर्शनियों एवं पुस्तकों के निःशुल्क वितरण तथा 'हिंदी भाषावाणी' जैसे अपने आधिकारिक यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से भाषा एवं साहित्य के विविध विषयों पर दृश्य-श्रव्य सामग्री प्रदान कर निदेशालय हिंदी के प्रचार-प्रसार की दिशा में भी उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। कुल मिलाकर हिंदी के समग्र विकास के साथ-साथ, सभी भारतीय भाषाओं को एक सूत्र में बांधना तथा भारत की सामासिक संस्कृति और बौद्धिक एवं भाषिक विरासत को सहेजना निदेशालय का मुख्य कर्तव्य है। यह भारत के भाषाई संघवाद का एक सशक्त प्रतीक है।

केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
पश्चिमी खंड-VII, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066
दूरभाष: 011-20862356/26105211
www.chd.education.gov.in
www.chdpublication.education.gov.in